अमर उजाला 23/08/2025

# साइबर अपराध से बचाव की दी जानकारी

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज द्वारा शुक्रवार को उद्यमिता दिवस के अवसर पर सेमीनार का आयोजन किया गया। यह सेमीनार जीएमएन इन्क्यूबेशन स्टार्टअप सेंटर, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग तथा एसडीजी क्लब के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में हुआ। सेमीनार में आईटी क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ अतिथि वक्ताओं के रूप में आशुतोष मल्होत्रा (इन्फॉर्मेशन सिक्योरिटी मैनेजर) तथा अभिनव पोरवाल (सीनियर साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट) ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने साइबर अपराध से बचाव और डिजिटल सुरक्षा से संबंधित विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा वास्तविक जीवन के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उनके समाधान भी सुझाए। उनके विचारों ने विद्यार्थियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रयोग करते समय अधिक सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। संवाद